

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 37
अंक : 70
भोपाल, सोमवार
27 अप्रैल 2026
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1रु.

02 टवेरा और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर, 5 की मौत, 7 घायल, शादी...

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com

गुजरात की चौथी जीत, चेन्नई को आठ विकेट से हराया 06




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं विधायक दल के महामंत्री शैलेन्द्र जैन मंचासीन रहे। बैठक का संचालन संसदीय कार्य मंत्री एवं मुख्य सचेतक कैलाश विजयवर्गीय ने किया।

## कांग्रेस ने महिलाओं के साथ अन्याय किया: सीएम यादव

भोपाल ■ अमृत दर्शन

सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण अधिनियम के खिलाफ कांग्रेस ने आजादी के बाद से आज तक जो नकारात्मक रवैया अपनाया है। इंदिरा गांधी से लेकर राजीव जी, सोनिया जी, राहुल जी और उनकी बहन प्रियंका गांधी पांच पीढ़ी में कांग्रेस ने लगातार बहनों के साथ जो अन्याय किया है वो देश कभी नहीं भूलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहनों को 33 फीसदी आरक्षण देकर देश की आधी आबादी को अधिकार दिलाने का निर्णय किया। कांग्रेस और उनके तथाकथित सहयोगियों सपा, टीएमसी, डीएमके ऐसे तमाम विरोधी गठबंधन ने इस अधिनियम को धराशायी करने में जो भूमिका अदा की है। मैं उसकी कठोर शब्दों में निंदा करता हूं। हम सदन में फिर इस बात के लिए संकल्प पारित करेंगे कि 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए हमारी सरकार समर्थन देती है। मोदी जी का बहुत अच्छा निर्णय था। कांग्रेस और उनके लोगों ने जो हालत की है। आपको बता दें नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले संसद में पारित हो चुका था, लेकिन 17 अप्रैल को लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक गिर गया। इसी हार के बाद से भाजपा अब कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन को श्महिला विरोधीश् करार दे रही है। भाजपा का दावा है कि विपक्ष ने जानबूझकर इस महत्वपूर्ण कानून की राह में रोड़े अटकाए हैं।

## 'तुम मुझे वोट दो, मैं तुम्हें टीएमसी से आजादी दिलाऊंगा: पीएम मोदी

*बंगाल चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पीएम मोदी की गर्जना, बोले- बंगाल की दशा और दिशा बदलने वाली है*

नई दिल्ली ■ एजेंसी



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। चुनाव प्रचार के अंतिम मतदाताओं को लुभाने के लिए बीजेपी और टीएमसी ने पूरी ताकत झोंक दी है। अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान बंगाल की टीएमसी सरकार पर निशाना साधा। हालांकि प्रधानमंत्री ने चुनावी रैली में सीएम ममता बनर्जी का एक बार भी नाम नहीं लिया। सभा में लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस चुनाव में बंगाल की दशा और दिशा दोनों बदलने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि तुम मुझे वोट दो, मैं तुम्हें टीएमसी से आजादी दिलाऊंगा। मैं आपको टीएमसी की निरंकुश शासन से मुक्ति दिलाऊंगा। आज बंगाल को आपके एक वोट की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यह चुनाव बंगाल के साथ-साथ पूर्वी भारत का भाग्य बदलने का चुनाव है।

### टीएमसी ने नारी की सुरक्षा और किसानों के लिए कुछ नहीं किया

पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में टीएमसी के नेताओं ने एक बार भी मां, माटी और मानुष का नाम तक नहीं लिया है। जिस नारे के साथ टीएमसी ने बंगाल में सरकार बनाई थी, इन्होंने वह नारा भुला दिया है। अस्ट्ट ने नारी की सुरक्षा और किसानों के लिए कुछ नहीं किया। टीएमसी का फॉर्मूला है झूठ बोलो और गालियां दो। टीएमसी के पास बंगाल के भविष्य का रोड मैप नहीं है। यहां टीएमसी के सिंडिकेट की फैक्ट्रियों का विस्तार हो रहा है। यह है अस्ट्ट का महा-जंगलराज। टीएमसी को हराना ही होगा। भाजपा यहां जनता जनार्दन का राज लाएगी।

## फंसे शास्त्री, छत्रपति पर बयान... मचा घमासान

भोपाल ■ अमृत दर्शन



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज और समर्थ रामदास स्वामी को लेकर अपने बयान पर माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मीडिया ने उनकी बातों का गलत मतलब निकाला है। रविवार को नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शास्त्री ने स्पष्ट किया कि वह छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे थे। उनका कहना था कि महाराज का स्थान हिंदू राष्ट्र और स्वराज की अवधारणा में सर्वोच्च है। धीरेंद्र शास्त्री के चार बच्चों को लेकर दिए बयान पर भी विवाद हुआ। उन्होंने कहा था कि हर व्यक्ति को चार बच्चे पैदा करने चाहिए और उनमें से एक बच्चे को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देना चाहिए। इस पर स्पष्टीकरण देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करना राष्ट्रवादी बनाना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बच्चे हमेशा सनातनी विचारधारा के हों, जिससे समाज का विकास हो सके।

### क्या था विवादित बयान?

धीरेंद्र शास्त्री ने नागपुर में एक कार्यक्रम में दावा किया था कि छत्रपति शिवाजी महाराज युद्धों से थक गए थे और उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को त्यागने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज अपने मुकुट के साथ गुरु समर्थ रामदास स्वामी के पास गए थे, जहां गुरु ने उन्हें सिखाया कि थकान के बावजूद जिम्मेदारियों का निर्वहन ही सच्ची सेवा है। इस बयान ने कई लोगों को नाराज कर दिया था।

### धीरेन्द्र शास्त्री ने मांगी माफी

प्रेस कॉन्फ्रेंस में शास्त्री ने कहा, 'अगर मैंने किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, तो मैं माफी मांगता हूं। मेरा इरादा तो सिर्फ महाराज की भक्ति का जिक्र करना था।' उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया है। शास्त्री ने यह भी जोड़ते हुए कहा कि उनकी सभी भक्तों से अपील है कि वे आपस में विवाद न करें।

### उड़ता तीर






कांग्रेसी विधायकों ने महिला आरक्षण बिल के समर्थन में नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में सदन की कार्यवाही का बहिर्गमन किया।

## ट्रैक्टर लेकर कांग्रेस विधायक ने किया प्रदर्शन

### पुलिस के रोकने पर हुई झूमा झटकी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार को चल रहा है। सदन में 'नारी शक्ति वंदन' विषय पर चर्चा के बीच हंगामा हुआ तो कांग्रेस विधायकों ने वॉकआउट कर दिया।

इधर, कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर विधानसभा जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने मंत्रालय के आगे बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया गया। शाह का कहना है कि उन्होंने ट्रैक्टर का पास बनवाया था, जबकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक्टर ले जाने की अनुमति नहीं है। इसी बात को लेकर पुलिस और विधायक के बीच जमकर बहस हुई और धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में विधायक सदन में गेंहू का गठ्ठा लेकर चले गए।

### मैंने ट्रैक्टर का पास बनवाया था- विधायक

कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह का कहना है कि उन्होंने ट्रैक्टर का पास बनवाया था, जबकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक्टर ले जाने की अनुमति नहीं है। इसी बात को लेकर पुलिस और विधायक के बीच जमकर बहस हुई और धक्का- मुक्की भी हुई।

*मध्यप्रदेश में 36 जिलों में हीट वेव का अलर्ट*

## भीषण गर्मी से झुलसा मध्यप्रदेश

भोपाल ■ अमृत दर्शन



मध्य प्रदेश में अप्रैल के आखिरी दिनों में मौसम ने पूरी तरह विकराल रूप ले लिया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि आंधी और हल्की बारिश भी गर्मी के तेवर को कम नहीं कर पा रही। रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम बदला जरूर, लेकिन तापमान में गिरावट आने के बजाय पारा और ऊपर चढ़ गया। दिनभर तेज धूप और उमस के बीच लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ी एक तरफ तपिश और दूसरी ओर उमस भरी बेचैनी।

मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान इंदौर को छोड़कर सभी संभागों में मौसम सूखा रहा। इंदौर में शाम को हल्की बूंदाबांदी हुई। रायसेन, धार, रतलाम, छिंदवाड़ा, मंडला, मलाजखंड (बालाघाट), टीकमगढ़ और श्योपुर में लू का असर रहा। इंदौर और उज्जैन में रातें भी गर्म रहीं।

**हीट वेव का येलो अलर्ट:** विदिशा, रायसेन, धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सतना, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी। भोपाल, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, आलीराजपुर, झाबुआ, देवास, शाजापुर, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, शहडोल, उमरिया मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिन में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। 3 दिन के बाद धीरे-धीरे तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

**मौसम विभाग की सलाह:** दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और शरीर को हाइड्रेट रखें।

दिन के सबसे गर्म समय (दोपहर 12 से 3 बजे) के दौरान बाहर जाने से बचें। यात्रा करते वक्त अपने साथ पानी जरूर रखें।

### विदिशा सबसे ज्यादा तपा

मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान विदिशा का रिकॉर्ड किया। यहां पारा 44.9 डिग्री रहा। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी का 14 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### अधिकतम तापमान

विदिशा - 44.9 डिग्री
खजुराहो - 44.6 डिग्री
रतलाम - 44.5 डिग्री
दतिया - 44.1 डिग्री
श्योपुर - 44 डिग्री

## अंतर्मना उवाच

***दूसरों की सफलता की कहानी.. आपकी सफलता की कहानी नहीं बन सकती..!***

*हमने कभी उनके जैसे बनने की कोशिश नहीं की, क्योंकि उनके जैसे बनने में बनावटीपन है, नकल है, सब कुछ उधार है। **भगवान ने हमें आठ किलो का दिमाग** गोबर से नहीं, बल्कि कलाकंद से भरकर दिया है। अब अगर हम ही उसे बेकार कर दें, तो इसमें परमात्मा का क्या दोष..?*

***हर इंसान में कुछ अच्छी आदतें होती हैं, तो कुछ बुरी भी।** ये बुरी आदतें हमारी सफलता में बाधक बन सकती हैं। बुरी आदतें सिर्फ खाने-पीने या किसी व्यसन तक सीमित नहीं होती... ये ज्यादा बोलने की, गुस्सा करने की, खराब व्यवहार की, चुगली करने की या लोगों को लड़ाने-भिड़ाने की भी हो सकती है।*



परतापुर, ज़िला- बांसवाड़ा (राजस्थान) खुले आसमान में भरी दोपहर के 12:30 बजे, 42 डिग्री तापमान में, तपस्वी सम्राट, अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज सामायिक करते हुए। सूरज की तपिश से धरती तप रही है, पर उनकी साधना अडिग है। न छाँव, न आसन, केवल आत्म-लीनता। पसीने की बूंदें भी मानो तप का अभिषेक कर रही हो...

*यदि छोटी-सी बुरी आदत पर ध्यान नहीं दिया जाए, तो यह आपकी व्यक्तित्व और प्रबंधन क्षमता पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। **एक छोटी-सी बुरी आदत भी आपके जीवन की उन्नति में बाधा बन सकती है।***

*इससे बचने के लिए **चार बातें** –*

*(1) बात-बात पर बहस न करें, न लड़ाई-झगड़ा करें, न किसी की बुराई करें। मन को सरल रखें और समस्याओं का शांतिपूर्वक समाधान करें।*

*(2) भावावेश में आकर कोई निर्णय न लें। अपनी असफलताओं पर विचार करें... क्या खोया और क्यों मन की शांति व चेहरे की प्रसन्नता चली गई..?*

*(3) दूसरों पर दोषारोपण न करें। अपनी असफलताओं से सीखें, वर्तमान स्थिति को समझें और उससे बेहतर करने का साहस रखें।*

*(4) अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कदम बढ़ाते रहें। आत्मविश्वास को कभी कमजोर न होने दें...!!!*

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## 'आप' सांसदों के विलय को सभापति की मान्यता

नई दिल्ली ■ एजेंसी



राज्यसभा अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के भाजपा में विलय को स्वीकार कर लिया है।

आप के 7 सांसदों के भाजपा में शामिल होने से राज्यसभा में भाजपा की संख्या बढ़कर 113 हो गई है, जबकिआप की सीटें घटकर तीन रह गई हैं। राज्यसभा अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के भाजपा में विलय को स्वीकार कर लिया है। आप के 7 सांसदों के भाजपा में शामिल होने से राज्यसभा में भाजपा की संख्या बढ़कर 113 हो गई है, जबकि आप की सीटें घटकर तीन रह गई हैं। राज्यसभा के अध्यक्ष और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार (27 अप्रैल, 2026) को आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के भारतीय जनता पार्टी में विलय को स्वीकार कर लिया।

आप के 7 सांसदों के भाजपा में शामिल होने से राज्यसभा में भाजपा की संख्या बढ़कर 113 हो गई है, जबकि आप की संख्या घटकर तीन रह गई है।

क्या भाजपा में शामिल होने के बाद आप सांसदों को अयोग्य घोषित किया जाएगा?

24 अप्रैल, 2026 को, आम आदमी पार्टी को एक बड़ा झटका लगा जब उसके 10 राज्यसभा सदस्यों में से सात ने पार्टी छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए, जो उच्च सदन में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पुनर्गठन का संकेत है।

सांसद हैं राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रमजीत सिंह साहनी। आम आदमी पार्टी के सांसदों के विलय के बाद, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने एक बार फिर पंजाब की जनता के साथ विश्वासघात किया है।

X पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, 'भाजपा ने एक बार फिर पंजाबियों को धोखा दिया है।' आम आदमी पार्टी ने कहा कि भाजपा ने पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार द्वारा किए जा रहे जनहितैषी कार्यों को रोकने के लिए 'ऑपरेशन लोटस' शुरू किया है।

## ईडी के पंजाब में 11 जगहों पर छापे

*पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर के खिलाफ मामले में कार्रवाई*

चंडीगढ़ ■ एजेंसी




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पंजाब में कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। यह तलाशी राज्य पुलिस के पूर्व छ्र्व्रत्त हरचरण सिंह भुल्लर और उनसे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग की जांच का हिस्सा है।

प्रवर्तन निदेशालय मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 के तहत हरचरण सिंह भुल्लर (पूर्व डीआईजी) और अन्य से जुड़े मामले में 11 जगहों (चंडीगढ़-2, लुधियाना-5, पटियाला-2, नाभा-1 और जालंधर-1) पर तलाशी ले रहा है। ये तलाशियां आरोपियों, उनके सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों से जुड़ी हैं।

## नरोत्तम, वीडी, जीतू हो सकते हैं 'नवीन' कार्यकारिणी में शामिल

भोपाल ■ जगत शर्मा

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन की कवायद भी शुरू हो चुकी है। पार्टी सूत्रों की मानें तो मई 2026 के आखिर तक भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी गठित हो जाएगी, जिसमें विभिन्न राज्यों के साथ-साथ मध्यप्रदेश को भी अच्छा खासा प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना है। कयास लगाया जा रहे हैं ,कि मध्य प्रदेश से कम से कम एक दर्जन के लगभग नेताओं को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर स्थान मिल सकता है। इसके साथ-साथ केन्द्रीय संसदीय बोर्ड का भी पुनर्गठन होने पर मध्य प्रदेश से सीएम डॉक्टर मोहन यादव को शामिल किया जा सकता है।






### नरोत्तम समेत तमाम बड़े नेता हो सकते हैं कार्यकारिणी का हिस्सा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नियुक्ति को लगभग 2 महीने से अधिक का समय हो चुका है इस बीच लगातार राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन पर चिंतन मनन चल रहा है। इस बीच पश्चिम बंगाल तमिलनाडु समेत अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा राज्यसभा चुनाव की रणनीति के साथ-साथ बिहार में नीतीश कुमार की जगह सम्राट चौधरी की ताजपोशी जैसे तमाम घटनाक्रमों के कारण राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन का कार्यक्रम जरूर अवरूद्ध हुआ। लेकिन अब पार्टी नेतृत्व का पूरा फोकस राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन और उसमें तमाम राज्यों को उचित प्रतिनिधित्व देने पर है। जहां तक मध्य प्रदेश की बात है, तो इस बार संसदीय बोर्ड में मध्य प्रदेश के लोकप्रिय सीएम डॉक्टर मोहन यादव की एंट्री होने की पूर्ण संभावना है। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री और लोकप्रिय नेता डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। इसी के साथ सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा को राष्ट्रीय महासचिव तथा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जीतू जिराती को राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर कार्यकारिणी में जगह मिल सकती है। इसके अलावा अरविंद भदौरिया का नाम भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल हो सकता है। सांसद कविता पाटीदार, भक्ति शर्मा, गौरव तिवारी जैसे कुछ नामों पर भी राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हैं।

### संगठन महामंत्री और प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति पर निर्णय संभव

राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन के साथ साथ भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री और नये प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति पर भी निर्णय लेने की संभावना जताई जा रही है। प्रदेश संगठन महामंत्री रहे हितानंद शर्मा के वापस संघ में जाने के बाद से ही प्रदेश भाजपा के पास कोई भी संगठन महामंत्री नहीं है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश प्रभारी के तौर पर यूपी विधान परिषद में एमएलसी महेंद्र सिंह काम देख रहे हैं ,लेकिन अगले साल ही यूपी में विधानसभा चुनाव हैं, जहां महेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका होगी,जिसे देखते हुए यह कहा जा सकता है, कि जल्द ही पार्टी नेतृत्व मध्यप्रदेश में पार्टी प्रभारी के पद पर भी बदलाव कर सकता है। जिसमें हरियाणा या गुजरात के किसी नेता को प्रदेश प्रभारी का जिम्मा सौंपा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीहोर में जमीनी रंजिश में जानलेवा हमला:खेत पर गए युवक को पीटा

**सीहोर।** सीहोर जिले के इछावर क्षेत्र स्थित ग्राम कालापीपल जागीर में 26 अप्रैल की शाम पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जानलेवा विवाद हो गया। खेत पर मोटर चालू करने गए एक युवक के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट की और जब उसका परिवार बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपियों ने चाकू और लाठियों से हमला कर दिया। हमले में एक ही परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सीहोर रेफर किया गया है। वर्तमान में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर 4 नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित नेपाल द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, घटना 26 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे की है। नेपाल अपने घर पर था, तभी उसका बड़ा भाई अनूप वर्मा बदहवास हालत में दौड़ता हुआ घर आया। अनूप ने बताया कि जब वह खेत पर मोटर चालू करने गया था, तब गांव के ही मनोज और अनार सिंह ने पुराने जमीनी विवाद को लेकर उसे गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी।

### सागर में 44.4 डिग्री तापमान, शाम को आंधी-बारिश

**सागर।** सागर में रविवार को गर्मी ने इस सीजन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दिन का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर झुलसाने वाली धूप और गर्म हवाओं के बाद शाम को अचानक मौसम ने करवट ली। राहतगढ़ और जरुआखेड़ा समेत ग्रामीण इलाकों में हवा-आंधी के साथ बारिश हुई, जबकि शहर में हल्की बूंदाबांदी से उमस बढ़ गई है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के असर से 27 और 28 अप्रैल को भी संभाग में बादल छाने और गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू की एडवाइजरी भी जारी कर दी है। दोपहर के समय झुलसाने वाली धूप से लोग रहे हलाकान। 24 घंटे में 1.3 डिग्री उछला दिन का पारा रविवार को सागर में सुबह 9 बजे से ही चुभन वाली धूप रही और दोपहर में झुलसाने वाली गर्मी पड़ी। इस दौरान अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 24 घंटों में दिन के पारे में 1.3 डिग्री और रात के (न्यूनतम) तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। शाम को हवाएं चलीं, लेकिन उनमें गर्माहट होने से लोगों को गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिली और बारिश के बाद उमस बढ़ गई।

### उज्जैन में सगाई में लौटाया 50 लाख का दहेज

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में तिलक समारोह (सगाई) में दहेज प्रथा के खिलाफ अनोखी मिसाल देखने को मिली। बड़नगर तहसील के बंगरेड गांव में दूल्हे पक्ष ने दहेज लेने से इनकार कर करीब 50 लाख रुपए की पेशकश लौटा दी। फैसले की इलाके में चर्चा हो रही है। रविवार को बंगरेड के लोटस रिसॉर्ट में तिलक समारोह हुआ। लोटस ग्रुप के मालिक जितेंद्र सिंह राजावत के बेटे आदर्श दीप राजावत की शादी इंदौर जिले के देपालपुर क्षेत्र के तामलपुर निवासी किसान महेंद्र सिंह पंवार की बेटी बिंदिया कुमारी से तय हुई। समारोह में वधु पक्ष ने परंपरा के तहत 25 लाख रुपए नकद और करीब 15 तोला सोना पेश किया। दूल्हे आदर्श और उनके पिता जितेंद्र सिंह राजावत ने इसे लेने से मना कर दिया। इस फैसले से समारोह में मौजूद लोग चौंक गए। जहां तिलक में दहेज को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ा जाता है।

### कार बेकाबू होकर पलटी, दूल्हे के 4 भाइयों की मौत

**खंडवा।** मध्यप्रदेश के खंडवा में एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क किनारे एक मकान से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार एक साइड से पूरी पिचक गई। कार के एयरबैग खुलकर फट गए। हादसे में दूल्हे के 4 चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार को दो भाइयों में से एक को गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया था, जिसकी सोमवार सुबह जान चली गई। हादसा पिपलोद के गुड़ी-लुनहार गांव के पास रविवार शाम 6 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आशंका है कि कार ड्राइवर ने अचानक हैंड ब्रेक का इस्तेमाल किया, जिससे कार पलटी खा गई और रोड़ किनारे एक मकान से टकरा गई। लोगों ने कार में फंसे युवकों को बाहर निकाला। इसके बाद अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान मोहित (22) पिता स्वरूप चंद यादव निवासी बलवाड़ा, पुष्पक (24) पिता जितेंद्र यादव निवासी बलवाड़ा, ऋतिक (24) पिता धर्मेंद्र यादव निवासी गरनगांव और पवन पिता गोपाल यादव के रूप में हुई है। कार में पांच युवक सवार थे। गोपाल की मौत सोमवार सुबह हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए।

---

#### पति के सामने पत्नी को हाथी ने कुचलकर मार डाला

## बेटे को भी दबाने की कोशिश, गोद में लेकर भागे पिता; परिवार पर किया हमला



**अनूपपुर ■ निसं**

मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में रविवार दोपहर जंगल से लौट रहे एक परिवार पर हाथी ने हमला कर दिया। इस घटना में 28 वर्षीय प्रेमवती पाव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति रामानुज पाव और 6 साल का बेटा दीपक घायल हो गए। घटना भोलगढ़ गांव में रविवार दोपहर 3 बजे की है। घायल रामानुज पाव ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ खेत से गांव लौट रहे थे। जैसे ही परिवार जंगल के रास्ते पर पहुंचा, अचानक हाथी सामने आ गया। हाथी को देखकर सभी ने भागने की कोशिश की, लेकिन वह उनकी तरफ दौड़ पड़ा।

**पत्नी को सूंड से धक्का देकर पटका:** रामानुज के मुताबिक, उन्होंने अपने बेटे को गोद में लेकर बचाने की कोशिश की। इसी दौरान हाथी ने पत्नी प्रेमवती को सूंड से धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। बच्चा भी झटके में मां की गोद से दूर गिर गया। इसके बाद रामानुज बेटे को गोद में लेकर भागे, लेकिन हाथी ने उन्हें भी सूंड से धक्का देकर गिरा दिया और कुचलने की कोशिश की, जिससे उन्हें कई जगह चोटें आईं।

**वन विभाग की टीम कर रही निगरानी:** घटना के बाद घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इलाके में दहशत का माहौल है और वन विभाग की टीम हाथी की निगरानी कर रही है।

**ग्रामीणों के शोर मचाने पर भागा हाथी**

इसी बीच हाथी ने जमीन पर गिरी प्रेमवती पर दोबारा हमला कर दिया और उन्हें कुचल दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद हाथी काफी देर तक इलाके में ही मौजूद रहा और ग्रामीणों के शोर मचाने के बाद जंगल की ओर गया।

**15 साल में अब तक 16 की मौत**

अनूपपुर में हाथियों के हमले की समस्या लगातार गंभीर बनी हुई है। वन विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक साल 2011 से 2026 तक जिले में हाथियों के हमलों में कुल 16 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, पिछले 120 दिनों में ही अनूपपुर और जैतहरी वन परिक्षेत्र में 4 लोगों की जान गई है, जिनमें दोनों क्षेत्रों में 2-2 मौतें शामिल हैं।

---

#### नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर भिड़ंत, कार के परखच्चे उड़े

## टवेरा और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर, 5 की मौत, 7 घायल,शादी से लौट रहे थे

**नर्मदापुरम ■ निसं**

नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर आंचलखेड़ा के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे टवेरा और अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर हो गई। हादसे में टवेरा सवार 5 लोगों की मौत हो गई। 7 लोग घायल हुए हैं। सभी मृतक और घायल महेंद्रवाड़ी व माखननगर के रहने वाले थे। वे बुधनी में एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उनका इलाज जारी है। शवों का पोस्टमॉर्टम आज नर्मदापुरम में किया जाएगा।

**क्रासिंग के दौरान ट्रॉली के साइड से टकराई गाड़ी:** पुलिस के अनुसार, टवेरा में सवार सभी लोग गांव के राघवेंद्र मोरप्पा की शादी में बुधनी गए थे। रात में महेंद्रवाड़ी लौट रहे थे। आंचलखेड़ा के पास नर्मदापुरम की ओर से अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रही थी। क्रासिंग के दौरान टवेरा ट्रॉली के साइड से टकरा गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और राहगीरों व ग्रामीणों की मदद से घायलों व मृतकों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में साहिल यादव और उसके बड़े पापा हरे सिंह यादव की मौत हो गई। साहिल बंसल कॉलेज से बीटेक कर रहा था। उसका भाई अमन यादव सिर में गंभीर चोट के कारण आईसीयू में भर्ती है। मजदूरी करने वाला गांव का विनीत यादव भी इस हादसे में घायल हुआ है।




**अस्पताल में 5 को मृत घोषित किया, रात में मृतकों के परिजन की लगी भीड़**

जिला अस्पताल लाए जाने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में 16 साल का शुभम मोरप्पा भी शामिल है। वह दूल्हे राघवेंद्र का भतीजा था। उसका भाई सुमित मोरप्पा हादसे में घायल है। सभी घायलों का तुरंत उपचार शुरू किया गया। सूचना मिलते ही रात में ही जिला अस्पताल में लोगों और मृतकों के परिजन की भारी भीड़ लग गई।

**हादसे में इनकी गई जान**

- शुभम मोरप्पा पिता सुखराम (18), निवासी महेंद्रवाड़ी
- विनीत यादव पिता मोहन यादव (22), निवासी महेंद्रवाड़ी
- साहिल यादव पिता हरगोविंद यादव (19), निवासी महेंद्रवाड़ी
- हरि सिंह पिता गणेशराम यादव (57), निवासी महेंद्रवाड़ी
- संतोष प्रजापति पिता मंगल सिंह प्रजापति, निवासी ठाकुर मोहल्ला (माखननगर)

**हादसे में ये 7 लोग घायल**

- अमन यादव, पिता केशव प्रसाद यादव (20)
- विनोद उइके, पिता भोलाराम उइके (22)
- भारत यादव, पिता दामोदर यादव (23)
- आकाश इवने, पिता मुन्नालाल इवने (25)
- देवांश इवने, पिता राम गोपाल इवने (15)
- सुमित, पिता सुखराम मोरप्पा (20), निवासी ग्राम महेंद्रवाड़ी, थाना माखन नगर
- राजेश धुर्वे, पिता राम भरोस धुर्वे (35), निवासी ग्राम ताकू, थाना केसला

---

## बस ने महिला को कुचला, 30 फीट तक घसीटा

**मुरैना में टायर के बीच फंसी, स्किन रोड पर चिपकी; लोग चिल्लाए,फिर भी गाड़ी नहीं रोकी**

**मुरैना ■ निसं**

मुरैना में जौरा रोड बैरियर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार यात्री बस (MP06P-1655) ने सड़क पार कर रही 40 वर्षीय महिला को कुचल दिया। हादसे में महिला बस के टायर में फंस गई और चालक ने बस रोकने के बजाय उसे करीब 30 फीट तक घसीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद आरोपी बस चालक मौके से फरार हो गया। सिविल लाइन पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**टायर में फंसी महिला, पुलिस ने निकाला शव:** सोमवार सुबह सवा 10 बजे जौरा से मुरैना की ओर आ रही यात्री बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए राहगीर को टक्कर मारी। मृतका की पहचान बरी पुरा निवासी कमला बघेल (40) पति उत्तम बघेल के रूप में हुई है। टक्कर के बाद कमला बस के नीचे फंस गई, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और बस के नीचे फंसे शव को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।



**चीखते रहे लोग, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी**

हादसे के वक्त मृतका के साथ मौजूद उनकी साथी महिला सुनीता इस घटना की प्रत्यक्षदर्शी हैं। सुनीता के अनुसार, 'सड़क क्रॉस कर रहे थे एक दम तेजी के साथ बस आई और कमला के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी मैं और अन्य लोग चिल्लाए तब भी चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। वह घिसटती चली गई।'

पुलिस ने मृतका के परिजन को घटना की सूचना दे दी है।

**बस जब्त, आरोपी चालक की तलाश जारी:** सिविल लाइन थाना प्रभारी टीआई उदयभान यादव ने कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, 'हादसा हुआ है जौरा रोड बैरियर के पास जिसमें महिला की मौत हुई है। साथ में कुछ महिलाएं और थी जिन्होंने महिला की पहचान कमला बघेल के रूप में की है। मृतिका के परिजनों को सूचित किया गया है। शव को पीएम हाउस भिजवाया जा रहा है। आरोपी बस चालक की तलाश की जा रही है बस जब्त कर ली गई है।'

---

## 24 वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता कर्नाटक में राधा यादव ने 1500 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड मेडल

**दतिया की बेटी राधा यादव का हॉन्ग कोंग एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल में चयन**

**दतिया ■ निसं**

आज -भारतीय एथलेटिक्स संघ द्वारा कर्नाटक में राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजन 24 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जा रही है जिसमें दतिया की बेटी राधा यादव ने मध्य प्रदेश एथलेटिक्स अकादमी की ओर से खेलते हुए 1500 मीटर दौड़ जूनियर बालिका वर्ग में गोल्ड मेडल जीता जबकि दूसरे स्थान पर स्नेहा खार महाराष्ट्र रही तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र की जाह्नवी रही राधा यादव लगभग 29 राज्यों की प्रतिभागियों को दौड़ में 20 मीटर के अंतर से हराया राधा यादव का चयन हांगकांग में आयोजित होने वाली एशिया एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है ।

उक्त जानकारी राधा यादव के पिता राम दुलारे यादव और खेल समन्वयक संजय रावत ने दी उन्होंने बताया कि राधा यादव खेल एवं युवा कल्याण विभाग दतिया की खेल प्रतिभा अभियान और खेलो बड़ो अभियान की खोज है और ग्राम पंचायत लरायटा निवासी राधा यादव विगत 5 वर्षों से खेल एवं युवा कल्याण विभाग की एथलेटिक्स अकादमी भोपाल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है उनकी विशेष उपलब्धि और सफलता पर दतिया में खुशी की लहर दौड़ गई है इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी डॉ अरविंद सिंह राणा जी ,खेल समन्वयक संजय रावत एथलेटिक्स कोच राजेश जमावड़ा सुनीता रिछारिया राजेंद्र तिवारी कुंवर राज सिंह जितेंद्र शर्मा आदित्य सिंह सुनील शर्मा सुरजीत अहिरवार बेटी क्लब दतिया की अध्यक्ष आकांक्षा रावत उपाध्यक्ष मीना श्रीवास्तव मंजू गोस्वामी सुषमा श्रीवास्तव रजनी अडजरिया संध्या त्रिपाठी आदि लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं ।



---

#### बस ऑपरेटर पर फायरिंग, सरपंच पति सहित 15 पर केस

## शिवपुरी में पूर्व मंत्री के भतीजे संग किया हमला; गोली हाथ छूकर निकली, टेरर टैक्स मांगने का आरोप

**शिवपुरी ■ निसं**

शिवपुरी में हथियारों से लैस बदमाशों ने एक बस संचालक के घर पर हमला कर दिया। वारदात कोतवाली क्षेत्र के सिंहनिवास गांव में रविवार रात करीब 10:30 बजे हुई। बदमाशों ने 'टेरर टैक्स' और पुरानी रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया। सरपंच पति और पूर्व मंत्री के भतीजे समेत अन्य आरोपियों ने घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। हमले में बस संचालक जय सिंह बाल-बाल बच गए। गोली उनके बाएं हाथ को छूकर निकल गई। पुलिस ने 12 नामजद और 3 अज्ञात लोगों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। सरपंच पति का नाम प्रभात रावत और पूर्व मंत्री के भतीजे का नाम रोहित धाकड़ है। कुछ आरोपियों को हिरासत में भी ले लिया गया है।

**315 बोर और पिस्टल से किए फायर, पुलिस का सायरन सुन भागे:** फरियादी जय सिंह (19) ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले प्रभात, प्रमोद और प्रगट रावत से 2017 से विवाद चल रहा है। रविवार रात तीनों भाई अपने साथियों के साथ 315 बोर की बंदूक, पिस्टल, देशी कट्टा, कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड लेकर जबरन घर में घुस आए।



प्रमोद ने 315 बोर की बंदूक से फायर किया, जो हाथ को छूकर निकला। वहीं प्रभात ने पिस्टल से दो फायर किए। इसके बाद आरोपियों ने घर में मौजूद दीवान सिंह, मजबूत सिंह और अरविंद के साथ लाठियों से मारपीट कर दरवाजे तोड़ दिए। डायल 112 का सायरन बजते ही हमलावर भाग निकले।

**टेरर टैक्स के लिए बनाई गैंग, 2017 में भी किया था हमला:** जय सिंह के अनुसार, आरोपियों ने एक गैंग बना ली है जो इलाके में टेरर टैक्स मांगती है। उन पर भी पैसे देने का दबाव था, जिसे नकारने पर यह जानलेवा हमला किया गया। इससे पहले 2017 में भी इन्हीं तीनों भाइयों ने परिवार पर फायरिंग की थी, तब जय सिंह की आंख में छर्रे लगे थे।

**विधायक को भी दे चुके हैं धमकी, हाल ही में जेल से छूटा था आरोपी:** गैंग का प्रमुख आरोपी सरपंच पति प्रभात रावत इससे पहले 7 दिसंबर को पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह को फोन पर हाथ-पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकी दे चुका है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर उसे जेल भेजा था। वह हाल ही में जेल से छूटकर वापस आया है और बाहर आते ही भाइयों व साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

---

#### ग्वालियर में लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी

## खेड़ापति मंदिर ले जाकर उतरवाए जेवर, बेटी के पास रखा पर्स छीना, आरोपी सीसीटीवी में कैद

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर में एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली महिला के साथ मंदिर परिसर में ठगी का अजीब मामला सामने आया है। लोन दिलाने का झांसा देकर आरोपी महिला उसे खेड़ापति मंदिर ले गई और चालाकी से उसके जेवरात लेकर फरार हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोल पहाड़िया इलाके में रहने वाली 30 वर्षीय बबीता खटीक, एक प्राइवेट कंपनी में काम करती हैं। दो दिन पहले शाम को ड्यूटी से लौटते समय उन्होंने मोहल्ले में एक महिला को अन्य महिलाओं से बातचीत करते देखा। पूछने पर पता चला कि वह लोन दिलाने का काम करती है।



फरियादी बबीता और उसकी बेटी।

बबीता ने भी लोन की इच्छा जताई तो आरोपी ने उसे तुरंत लोन के लिए योग्य बताते हुए प्रोसेस पूरी कराने के लिए साथ चलने को कहा।

**ई-रिक्शा से मंदिर ले जाकर जाल बिछाया:** आरोपी महिला बबीता और उसकी 10 वर्षीय बेटी को ई-रिक्शा से खेड़ापति मंदिर ले गई। मंदिर के बाहर पेड़ के नीचे बैठाकर बातचीत के दौरान उसने कहा कि इतने गहने पहनकर जाओगी तो लोन नहीं मिलेगा।

इसके बाद उसने बबीता से सोने का मंगलसूत्र, बीजासेन हार, कानों के टॉप्स, एक अंगूठी (छल्ला), चांदी की पायजेब, दो चूड़ियां और 3 हजार रुपए उतरवाकर एक पर्स में रखवा दिए। यह पर्स उसकी बेटी को पकड़ा दिया गया।

इसके बाद आरोपी महिला बबीता को मंदिर के अंदर ले गई। दर्शन के बाद उसे मंदिर के पीछे एक जगह बैठाकर कहा तुम्हारा नाम बुलाया जाएगा, तब अंदर आना।

कुछ देर बाद जब नाम नहीं बुलाया गया तो बबीता को शक हुआ। वह बाहर आई तो उसकी बेटी अकेली खड़ी थी। बेटी ने बताया कि वही महिला पर्स लेकर चली गई।

**सीसीटीवी में कैद हुई आरोपी:** घटना के बाद बबीता खटीक ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रविवार देर रात केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी महिला की तलाश जारी है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज तलाशे। मंदिर परिसर में लगे छ्ष्टञ्ङ्क कैमरों में आरोपी महिला फरियादी को अपने साथ ले जाती दिखाई दे रही है।

पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और तलाश शुरू कर दी है। साथ ही गोल पहाड़िया इलाके के अन्य सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं।

---

#### रायसेन में 3 साल का रिकॉर्ड टूटा, 43.6 डिग्री तापमान

## 8वीं तक स्कूल 30 अप्रैल तक बंद; मौसम बदलने से अनाज भीगने का डर

**रायसेन ■ निसं**

रायसेन जिले में रविवार को अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। इस पारे ने अप्रैल माह में पिछले तीन सालों की गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने नर्सरी से 8वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए 30 अप्रैल तक की छुट्टियां घोषित कर दी हैं।

दिनभर की तपन के बाद देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई, जिससे खरीदी केंद्रों पर खुले में रखे हजारों क्विंटल अनाज के भीगने का खतरा मंडराने लगा है। सोमवार सुबह से ही तेज धूप खिली है और मौसम विभाग ने आज भी लू चलने के साथ बारिश का अनुमान जताया है।

**अप्रैल में 3 साल बाद ऐसी गर्मी, शाम को हुई बूंदाबांदी:** रविवार को 43.6 डिग्री तापमान के साथ लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। इससे पहले अप्रैल के महीने में तीन साल पहले इतनी गर्मी पड़ी थी। हालांकि, दिनभर की तपन के बाद देर शाम को मौसम ने अचानक करवट ली।

